सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:20
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 31.9
न्यूनतम 22.0

सब्र एक ऐसी सवारी है, जो अपने सवार को कभी गिरने नहीं देती... न किसी के कदमों में और न किसी की नजरों में।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21
मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840)
सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-258 | शनिवार 18 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-द्वादशी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

'अपराधियों की हिरासत' बनाम 'अपराधियों की हिफ़ाज़त' यूपी की जनता का बड़ा मुद्दा : मुख़्तार अब्बास नक़वी



जो भी गुण्डों से प्यार करता है, ऐसे नेता को कौन चुनता है?......

# लेखपाल रिश्वत लेते हुए तीसरी आंख में कैद

**❑लेखपाल ने रिपोर्ट लगाने के नाम पर किसान से की थी अवैध वसूली ❑वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम ने तहसीलदार को दिए जांच के आदेश**



मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर ( बु. )। पीनना गांव के लेखपाल वेदप्रकाश किसान से रिश्वत लेते हुए कैमरे में कैद हो गए। आरोप है कि रिपोर्ट लगाने के नाम पर किसान से एक हजार रुपये की रिश्वत ली गई है। रिश्वत का वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम सदर ने तहसीलदार को पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। आरोपी लेखपाल का हल्का बदल चुका है, लेकिन अभी उसने पीनना का चार्ज नहीं छोड़ा था। माना जा रहा है कि लेखपाल पर देर सवेर कार्रवाई हो सकती है। बताया गया है कि भूमि अधिग्रहण में जमीन जाने के बाद पीड़ित बाकी बची जमीन के स्वामित्व को लेखपाल की रिपोर्ट लगवाने आया था। आरोप है कि लेखपाल ने रिपोर्ट के बदले किसान से रिश्वत की मांग की थी। किसान ने इसकी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता सुमित मलिक से की थी। मलिक ने 500-500 रुपये के दो नोटों की रिश्वत लेते हुए लेखपाल को कैमरे में कैद कर लिया। इसके बाद मलिक ने वीडियो वायरल कर दी। मलिक ने एसडीएम सदर से वीडियो देने के साथ लिखित शिकायत की। एसडीएम सदर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को जांच के आदेश दिए। एसडीएम ने जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की बात कही है। उधर सुमित मलिक का कहना है कि लेखपाल काफी समय से किसानों का उत्पीड़न कर अवैध रूप से उगाही में जुटे हैं। बिना रिश्वत के लेखपाल काम करने को तैयार नहीं है। काम करने के बजाए किसानों को चक्कर कटवाकर उनसे वसूली करते हैं। लेखपाल का यह कृत्य अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में आरोपी के खिलाफ उच्च अधिकारियों को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसानों का उत्पीड़न रोका जा सके।

**हो चुका है तबादला**

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर ( बु. )। किसान से रिश्वत लेते हुए पकड़ में आए लेखपाल का तबादला पहले ही सांझक में हो चुका है, लेकिन उसने अभी तक पिनना का चार्ज नहीं छोड़ा है। लंबे समय से तैनाती के चलते लेखपाल की कार्यशैली पर सवाल उठते रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सुमित मलिक की मानें तो लेखपाल अवैध वसूली के लिए निजी कर्मचारी को साथ रखते हैं, जो लेन-देन करता है।



रिश्वत लेने का आरोपी लेखपाल

## कोविड टीकाकरण में बना विश्व रिकॉर्ड, एक दिन में लगे सवा दो करोड़ से ज्यादा टीके

नयी दिल्ली 17 सितंबर ( वार्ता ) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर देश ने कोविड टीकाकरण के अभियान में आज एक विश्व कीर्तिमान कायम किया और एक दिन में सवा दो करोड़ से अधिक टीके लगाने में कामयाबी पायी। श्री मोदी ने कोविड के रिकॉर्ड संख्या में टीके लगाये जाने को देश के लिए गौरव का विषय बताते हुए इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की। उन्होंने ट्वीटर पर अपने एक संदेश में कहा, ''आज के रिकॉर्ड टीकाकरण से हर भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहा होगा। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए मैं हमारे डॉक्टरों, नवाचारियों, प्रशासकों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों तथा सभी फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की सराहना करता हूं। आओ हम सब मिलकर कोविड को हराने के लिए टीकाकरण की गति को निरंतर बढ़ाते रहें।'' केन्द्र सरकार के वैक्सीन पोर्टल कोविन पर रात करीब दस बजे आज दिन में लगाये गये टीकों की संख्या दो करोड़ 26 लाख 30 हजार के आंकड़े को पार कर चुकी थी और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा था।

## नुमाइश कैम्प के चर्चित गुटखा व्यापारी पर जीएसटी का छापा, लाखों का जुर्माना

*मुजफ्फरनगर, १७ सितंबर (बु.)। कोरोना काल से जमकर चर्चा में आये नुमाइश कैम्प के गुटखा (सफल) व्यापारी शुक्रवार को फिर कर चोरी के मामले में पकड़े गये। हालांकि फिर एक बार विभाग द्वारा बिना एफआईआर दर्ज किए बिना छापामारी कार्यवाही जारी रखी। जबकि जब माल पकड़ा जाता है तो एफआईआर दर्ज कराना जरूरी हो जाता है, लेकिन पहले से ही अंधेर नगरी चौपट राजा वाला फॉर्मूला लागू होता आया है। कोरोना काल में भी बस चाय की चुस्की लेकर मेरठ से आई टीम ने आपसी सहमति बनाई थी और अन्दर खाने क्या हुआ, यह आज तक किसी को नहीं पता। इस बार भी लाखों रुपये का कर चोरी का माल पकड़ने के बाद जीएसटी टीम ने एफआईआर क्यों नहीं कराई, यह पूछने वाला शायद कोई है ही नहीं। विश्वसनीय सूत्रों की माने, तो जो माल शुक्रवार सुबह नुमाइश कैम्प में उतारा जा रहा था, उसका बिल मुजफ्फरनगर फर्म के नाम था ही नहीं, और उक्त माल सफल तम्बाकू का बताया जा रहा है। उक्त माल का बिल गाड़ी चालक से बरामद किया गया, वह दूसरे ही प्रदेश का बनाये जाने की सूचना है और उससे भी बड़ी बात यह है कि जब जीएसटी की टीमे कर चोरी का कोई भी माल पकड़ती है, तो उसका खुलासा सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं करती, क्यों हर बार गुप्त रखी जाती है। इन गुप्त बातों का खुलासा ना करने के कारण ही आम जन यह आरोप लगाता है कि हिन्दुस्तान में कुछ भी करलो, सेटिंग के खेल के जरिए सब समाप्त होता दिखाई देता है। हालांकि आज के मामले में १८ लाख रुपये का कर चोरी का माल पकड़े जाने की सूचना है और साढ़े तीन लाख व्यापारी पर जुर्माने की भी गुपचुप सूचनाएं मिल रही है, मगर इन सब सवालों में फिर वही सवाल खड़ा होता है कि एक प्रेस नोट जारी करके साफ–साफ क्यों नहीं बताया जाता। हर बार मीडिया द्वारा पूछे जाने पर अधिकांशतः एक ही डायलॉग विभाग द्वारा मारा जाता है कि अभी जांच चल रही है। जांच चलते–चलते कब एकाएक पूरी हो जाती है, यह किसी को पता ही नहीं चलता। इन्हीं गोलमाल बातों के कारण आमजन का विश्वास सरकारी विभाग से ही नहीं, बल्कि सरकार से भी उठ जाता है। कुल मिलाकर करोड़ों रुपये का जीएसटी चोरी का माल बेचने वाले लोग इन्हीं सेटिंगों के कारण विभागों को भी फल–फूलने का मौका दे रहे हैं और खुद भी फल–फूल रहे हैं। यह खेल कब खत्म होंगे, इस बात का अंदाजा लगा पाना नामुमकिन है। बड़ी बात यह भी है कि जीएसटी चोरी के खेल में गुटखा व्यापारी ने कितनी फर्म खोल रखी हैं और विभाग ने किस फर्म पर छापामारी की है, यह भी विभाग बताने को तैयार नहीं होगा। सूत्रों की मानें तो शिवाय एन्टरप्राइजेज, निष्ठा व अन्य एक और फर्म गुटखा व्यापारी द्वारा बनाई गयी हैं।*







## भड़काऊ भाषण देने के मामले में पेश हुए पूर्व मन्त्री सईदुज्ज़मा समेत छह आरोपी

**❑2013 में कवाल कांड को लेकर बुलाई मुस्लिमों की सभा में उत्तेजक भाषण देने का मामला**

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर ( बु. )। 2013 में कवाल कांड को लेकर मीनाक्षी चौक पर हुई सभा में भड़काऊ भाषण देने के मामले में शुक्रवार को पूर्व मंत्री सईदुज्जमा, पूर्व विधायक जमील अहमद और एडवोकेट असद जमा सहित कई आरोपी कोर्ट में पेश हुए। अन्य आरोपियों की तरफ से हाजरी माफी आने के कारण अदालत ने अंतिम समय देते हुए 21 सितंबर की तारीख मुकर्रर की है। 2013 में हुए कवाल कांड को लेकर शहीद चौक पर हुई सभा के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में शुक्रवार को पूर्व सांसद सईदुज्मा, पूर्व विधायक मौलाना जमील, अधिवक्ता व पूर्व सभासद असद ज़मा, सुल्तान मुशीर, मुशर्रफ़ कुरैशी, एहसान कुरैशी कोर्ट में पेश हुए। इस मामले में आज सभी आरोपियों पर चार्ज बनना था, लेकिन तमाम आरोपी नहीं आए। चार्ज पर अंतिम अवसर देते हुए न्यायाधीश ने बहस की तारीख 21 सितंबर की तय की है। इस दिन तमाम आरोपी पेश होंगे। बता दें कि कवाल कांड को लेकर 30 अगस्त 2013 को शहर के कोतवाली क्षेत्र खालापार स्थित शहीद चौक पर मुस्लिम वर्ग की एक बड़ी सभा में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में तत्कालीन बसपा सांसद कादिर राणा, तत्कालीन चरथावल विधायक नूरसलीम राणा, मीरांपुर विधायक मौलाना जमील अहमद कासमी, पूर्व सांसद सईदुज्जमां, उनके पुत्र सलमान सईद, एडवोकेट असद जमां, सुल्तान मुशीर, अहसान कुरैशी, नौशाद कुरैशी और मुशर्रफ के खिलाफ़ मामला दर्ज हुआ था।

## कई वर्षों से जनपद में जमे इंस्पेक्टरों एवं थाना प्रभारियों के तबादले

मुजफ्फरनगर, १७ सितंबर (बु.)। विधानसभा चुनाव से पूर्व शासन ने जनपद में तीन वर्ष पूरे कर चुके इंस्पेक्टरों के जनपद बदलने शुरू कर दिए हैं। डीआईजी सहारनपुर ने जनपद में तैनात २८ इंस्पेक्टरों का तबादला दूसरे जनपद में कर दिया है। मौजूदा समय में ११ थाना प्रभारियों का भी तबादला अन्य जनपद किया गया है। विधानसभा चुनाव से पूर्व शासन ने एक जनपद में तीन साल पूरे कर चुके इंस्पेक्टरों के तबादले के आदेश दिए थे। तबादला प्रक्रिया के लिए बाकायदा दो कमेटी भी गठित की गई थी। इसके चलते डीआईजी सहारनपुर डा. प्रीतिंदर सिंह ने जनपद में तीन साल पूरे कर चुके २८ इंस्पेक्टरों का तबादला गैर जनपद कर दिया। माना जा रहा है कि शीघ्र ही इनकी रवानगी कर दी जाएगी। सूची के मुताबिक यहां तैनात सुधीर कुमार, शहर कोतवाल संतोष कुमार त्यागी, यशवीर सिंह, हृदय नारायण सिंह, जयंत सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा, महेन्द्र कुमार त्यागी, महेन्द्रपाल, प्रविन्द्र पाल, राजीव कुमार, संजीव कुमार, सुभाषचन्द गौतम, सिविल लाईन थाना प्रभारी उम्मेद कुमार, थाना प्रभारी विध्यांचल तिवारी, विजय बहादुर सिंह को सहारनपुर भेजा गया है। नई मण्डी थाना प्रभारी अनिल कुमार कप्परवान, दीपक चतुर्वेदी, गुरूवचन सिंह, महेन्द्र पाल, पवन कुमार शर्मा, पुष्पलता त्यागी, प्रेमप्रकाश शर्मा, राजेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, यशपाल सिंह, वासिक सिद्दीकी, कुशलपाल सिंह व प्रवीण यादव शामली भेजे गये है। इसके अलावा सहारनपुर से अभिषेक सिरोही, आनंद देव मिश्र, अवनीश गौतम, बबलू सिंह, धर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र मोहन सिंधू, जितेन्द्र कुमार, कुलदीप सिंह, मुकेश गौतम, नीरज सिंह, पंकज पंत, रेणू सक्सैना, विनोद कुमार, अशोक सोलंकी, रूप किशोर शर्मा, ज्ञान प्रकाश सिंह व कपिल गौतम को मुजफ्फरनगर भेजा गया है।



# श्रद्धांजलि सभा में कैराना सांसद सहित कई गणमान्य नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि

कैराना, १७ सितम्बर (बु.)। शामली रोड स्थित अंबा पैलेस में भाजपा नेत्री की रस्म पगड़ी में हजारों लोगों के साथ अलग–अलग दलों के नेता शामिल हुए। विधि विधान के साथ श्रद्धांजलि देते हुए रस्म पगड़ी का समापन कराया गया। शुक्रवार को कैराना के शामली रोड पर स्थित अंबा पैलेस में प्रथम पगड़ी का आयोजन किया गया, जहां हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल चौहान की धर्मपत्नी सुषमा देवी की रस्म पगड़ी हुई, जिसमें कैराना से भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी, क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, स्वर्गीय सांसद हुकुम सिंह की पुत्री मृगांका सिंह सहित अन्य नेता एवं गणमान्य लोग शामिल हुए, जिसमें पंडित दयाराम शास्त्री एवं राजीव पंडित वरुण कौशिक ने विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ हवन–यज्ञ कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित कराई गई। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह ने कहा है कि सुषमा देवी का निधन से बहुत ही दुख प्राप्त हुआ। यह हादसा अपूरणीय क्षति है। इसके अलावा भाजपा के कैराना सांसद प्रदीप चौधरी ने भी दुख प्रकट करते हुए कहा कि इस तरीके के हादसे को कभी भुलाए नहीं सकते। उन्होंने कहा कि मनुष्य बिना नाम के दुनिया में आता है और जब वह दुनिया से विदा लेता है, तो सिर्फ नाम ही शेष छोड़ जाता है, इसके अलावा भाजपा से शामली विधायक तेजेंद्र निरवाल, रालोद नेता प्रसन्न चौधरी, ब्लॉक प्रमुख हर्षल चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वाजिद अली, कैराना के चेयरमैन हाजी अनवर हसन सहित अन्य नेता एवं गणमान्य लोग शामिल रहे। उधर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने शोक संदेश भेजकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

## अधिवक्ता सोराज सिंह के निधन पर शोक

शामली, 17 सितम्बर ( बु. )। अधिवक्ता सोराज सिंह की आकस्मिक मौत हो जाने से अधिवक्ता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान किए जाने की प्रार्थना की। शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन में कार्य करने वाले अधिवक्ता सोराज सिंह की आकस्मिक मौत हो गई। अधिवक्ता की मौत से अधिवक्ता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह, रामफूल, सतेन्द्र देशवाल, प्रदीप पंवार, जसपाल राणा, सिकेन्द्र शर्मा, कृष्णपाल आदि मौजूद रहे।



## मोदी के जन्मदिन पर गंगाघाट पर महाआरती कर दीर्घायु की कामना

खतौली, १७ सितंबर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर खतौली गंगाघाट पर महाआरती के साथ–साथ नगर में भाजपाइयों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की गयी। मिली जानकारी के अनुसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर श्री गंगनहर सेवा समिति के तत्वावधान पर नगर में गंगनहर स्थित गंगाघाट पर सायंकाल महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्रीय भाजपा विधायक विक्रम सैनी मुख्य यज्ञमान रहे। आरती के उपरांत क्षेत्रीय विधायक विक्रम सेनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के बढ़ते गौरव का उल्लेख करते हुए कहा कि आज उनके प्रयास से जहां देश के सभी वर्गो को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। वहीं उनके कुशल नेतृत्व में विश्व में भारत की ख्याति का डंका बज रहा है।

## रंजिश के चलते हमला, चार लोगों को किया घायल

भोपा, १७ सितम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव विलायत नगर में पुरानी रंजिश के चलते करीब आधा दर्जन लोगों ने घर पर आए रिटायर्ड कर्मचारी पर हमला बोल दिया, जिससे वह घायल हो गया। हमलावरों ने बीच–बचाव कराने गए उसके भाइयों व भतीजे को भी मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भोपा पर लेकर आई, जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव विलायतनगर निवासी बालकिशन ने बताया कि लगभग २ वर्ष पूर्व उसके पुत्र गुड्डू ने प्रेम विवाह किया था, जिस पर गांव के ही कुछ लोग उनसे नाराज रहते हैं। बीते गुरुवार को गुड़गांव स्थित कंपनी से सेवानिवृत्त उसका भाई कर्मसिंह गांव में आया हुआ था। शुक्रवार दोपहर वह गांव में रहने वाले ओमप्रकाश के घेर में उससे मिलने गया हुआ था। दोनों बैठे बात कर ही रहे थे कि लगभग आधा दर्जन हमलावर ओमप्रकाश के घेर में घुस आए और आते ही लाठी–डंडों से कर्मसिंह पर हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनने पर वह उसका भाई सन्तराम व भतीजा सोविन कर्मसिंह को बचाने गए तो हमलावरों ने उन पर भी हमला बोल दिया, जिससे हमले में चारों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर भर्ती कराया, जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है। मामले में अभी तहरीर नहीं दी गई है।



# शाहपुर में महाराणा प्रताप के वंशजों के बीच उमेश मलिक ने मनाया मोदी का ७१वां जन्मदिन

**–दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने काटा स्पेशल केक –वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल भाई जी, चेयरमैन परमेश सैनी रहे मौजूद –वहीं प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शाहपुर क्षेत्र में रिकॉर्ड ३००० लोगों का वैक्सीनेशन**

शाहपुर, १७ सितम्बर (बु.)। क्षेत्रीय विधायक उमेश मलिक ने कस्बा शाहपुर में आज बागड़िया बस्ती में पहुंचकर दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेता व भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन केक काटकर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया व इस दौरान नगर पंचायत शाहपुर के चेयरमैन प्रमेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल भाईजी, सभासद उमेश गोयल, सभासद विशाल गर्ग, नामित सभासद मणिकांत मित्तल, सभासद भवरपाल कश्यप, शाहपुर मण्डल महामंत्री जितेन्द्र धवन, पलड़ी प्रधान मोनू सैनी, मुन्ना नामदेव, ब्रजपाल सैनी, शुभम त्यागी आदि भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र वासी मौजूद रहे। इस दौरान कमल का फूल बना आकर्षक केक काटा गया समस्त वातावरण मोदीमय हो गया। कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन समर्पण सेवा सप्ताह के रूप में मनाया। इस दौरान विधायक उमेश मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देश मजबूत हुआ है। गुजरात के मुख्यमंत्री व देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश दुनिया को नई दिशा दी है। साथ ही जाति भेदभाव खत्म किया। आगे भी हम सब जाति भेदभाव छोड़कर सर्व समाज को लेकर आगे बढ़ेंगे। कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ७१ वें जन्मदिन को समर्पण सेवा सप्ताह के रूप में महाराणा प्रताप के वंशज कहे जाने वाले बागड़िया समाज के लोगों के बीच मनाया। इस दौरान प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने केक काटने के साथ फल वितरित किए। भाजपा विधायक उमेश मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक कुशल प्रशासक है। उनके मुख्यमंत्री के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो से गुजरात ने देश मे अपनी पहचान बनाई, वहीं उनके प्रधानमंत्री के कार्यकाल में सभी वर्गों के हितों के लिए विकास कार्य हो रहे हैं और देश मजबूत हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमेश सैनी, मोनू सैनी प्रधान, जितेंद्र धवन, उमेश गोयल, विशाल गर्ग, रविन्द्र सैनी, अमित शर्मा, भंवरपाल कश्यप, राधेश्याम नामदेव, घनश्याम नामदेव, ब्रजपाल सैनी, शुभम त्यागी, बबलू नामदेव आदि दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं बागड़िया समाज के महिला पुरुष एवं बच्चे मौजूद रहे। उधर दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पूरे देश भर के साथ शाहपुर क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। क्षेत्र में रिकॉर्ड ३००२ लोगों को कोरोनावायरस रोधी वैक्सीन दी गई। शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एनपी सिंह यूनिसेफ के डॉ. मुजम्मिल अहमद ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण लगाए गए केन्द्रों पर पहली एवं दूसरी डोज लगाई गई। नगर के मौहल्ला सैनियान स्थित श्रीमती रामवती धर्मशाला में श्री आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित वैक्सीनेशन कैम्प में १७१ लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। कमैटी के प्रबंधक बालेश सिंघल, राजकुमार कोरी आदि का योगदान रहा। बर्फ फैक्ट्री पर सभासद उमेश गोयल के नेतृत्व में वैक्सीनेशन कैम्प में ३०० लोगों को टीका लगा।

# पार्टी कार्यालय पर स्वागत समारोह का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बुस.)। आज महावीर चौक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्वागत समारोह का आयोजन हुआ, जिसके बारे में जानकारी देते हुए महानगर महामंत्री शलभ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा दिग्विजय सिंह देव की द्वारा विभा चौधरी को प्रदेश सचिव छात्र सभा मनोनीत किया गया। उसी परिपेक्ष में आज स्वागत समारोह का आयोजन समाजवादी पार्टी कार्यालय पर हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रमोद त्यागी एडवोकेट द्वारा किया गया और संचालन महानगर महामंत्री शलभ गुप्ता एडवोकेट के द्वारा किया गया। स्वागत समारोह का आयोजन छात्र सभा अध्यक्ष अनिरुद्ध बालियान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी, जिला महासचिव जिया चौधरी एडवोकेट, पूर्व प्रत्याशी मीरांपुर विधानसभा हाजी लियाकत, पूर्व विधायक अनिल कुमार, नगर अध्यक्ष महिला सभा अलका शर्मा रहे। जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट और महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी द्वारा विभा चौधरी को आशीर्वाद रूप में माला देकर बधाई दी गई। उसके उपरांत हाजी लियाकत, पूर्व विधायक अनिल कुमार द्वारा माला देकर स्वागत किया गया। जिया चौधरी और शलभ गुप्ता एडवोकेट द्वारा जिला और महानगर की और से गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट और महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से कहा गया कि छात्र सभा जीवन की राजनीतिक जीवन की पहली कड़ी होती है। छात्र देश का भविष्य होते हैं तथा देश की दिशा और दशा तय करते हैं। आप लोगों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि आप छात्रों को जागरूक करें और आज जो छात्रों के जीवन के साथ भाजपा द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है, उन्हें झूठे सपने दिखाए जा रहे हैं। भाजपा लगातार युवाओं और छात्रों को शोषण कर रही है। छात्रों को शोषण के प्रति जागरूक करें। समाजवादी पार्टी जिन्होंने छात्रों को लैपटॉप दिया, छात्रवृत्ति बाटी और हमेशा छात्रों के साथ खड़ी रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को घर–घर तक पहुंचाने का कार्य करें। स्वागत समारोह मुख्य रूप से प्रमोद त्यागी एडवोकेट, अलीम सिद्दीकी, जिया चौधरी एडवोकेट, शलभ गुप्ता एडवोकेट, पूर्व विधायक अनिल कुमार, हाजी लियाकत पूर्व, गौरव जैन, साजिद हसन, फिरोज अंसारी, अलका शर्मा, टीटू रमन पाल, अनिरुद्ध बालियान, एहसान, प्रतिभा मलिक, गौरव बालियान, प्रभात चौधरी, विनय शर्मा, लक्ष्य बालियान, अंशिला चौधरी, लोकेश, आशीष, वंश चौधरी आदि सैकड़ों छात्र–छात्रा मौजूद रहे।



## विश्वकर्मा मंदिर में पूजा अर्चना कर विशाल भण्डारे का आयोजन

खतौली, १७ सितंबर (बु.)। जी.टी. रोड स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर प्रातःकाल पूजा अर्चना के साथ यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में विजेन्द्र पांचाल, बृजमोहन पांचाल, सुरेश धीमान, प्रमोद धीमान, रूपचंद जांगिड व बबीता धीमान सपरिवार यज्ञमान रहे। इस दौरान मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बनी रही। इस दौरान भजन कीर्तन के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। धार्मिक आयोजन में सुकल चन्द, ओमपाल, सुशील, राजकुमार विश्वकर्मा, महेशानंद जांगिड, हरिकिशन, दीपक, नीरज, संदीप, पण्डित प्रवीण, विजेन्द्र पांचाल, राजू, अशोक, प्रिंस, डॉ. विश्व बंधु, मोनू धीमान, जैल सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल में भी भगवान विश्वकर्मा जयंती पर अनेक धार्मिक आयोजन किये गये।

## तीन दहेज लोभियों सहित चार जेल भेजे

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। महिला थाना पुलिस ने दहेज एक्ट के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि जानसठ निवासी फरमान, पिमौड़ा निवासी अंजुल तथा देवबंद निवासी सचिन के विरुद्ध महिला थाने पर दहेज एक्ट के अन्तर्गत मुकदमे दर्ज हैं। आज पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके अलावा सिविल लाइन पुलिस ने अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट पर गंगारामपुर निवासी सुभाष को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



## पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल द्वारा वूमेन पावर के वैक्सीनेशन कैंप का किया उद्घाटन

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बुस.)। आज रोहाना कला में वूमेन पावर द्वारा एक वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया था। कैंप में भारी मात्रा में क्षेत्र के लोगों को वैक्सीन लगाई गई। उद्घाटन के अवसर पर पहुंची पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजू अग्रवाल को संगठन की अध्यक्ष सरिता पराशर द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कैंप का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए पालिका अध्यक्ष ने सर्वप्रथम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने एवं वूमेन पावर के सदस्यों की तरफ से उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी एवं उनकी लंबी आयु की कामना की। आगे बोलते हुए पालिका अध्यक्ष ने कहा वूमेन पावर बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। मैं समय–समय पर देखती हूं यह लोग सामाजिक कार्य में लगे रहते हैं। आज कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां पर महिलाओं ने अपना डंका नहीं बचाया है, जिधर देखो महिलाओं का ही बोलबाला है और यह सब ऐसे ही नहीं मिला है, इस सबको पाने के लिए महिलाओं ने बहुत कुर्बानियां दी हैं। इस अवसर पर वूमेन पावर की अध्यक्ष सरिता पाराशर, कविता चौहान की निगरानी में यह कैंप आयोजित किया गया था। सभासद पूनम शर्मा, नीति सिंघल, सविता टांक, गुलिस्ता, पूजा त्रिवेदी, वूमेन पावर के संयोजक एसके बिट्टू एवं वैक्सीनेशन कैंप का स्टाफ और भारी मात्रा में कस्बे के लोग उपस्थित रहे।

## नई कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ समारोह सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बुस.)। श्री गंगा सेवा समिति (रजिस्टर्ड) शुकतीर्थ की नई कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ समारोह आज महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती (परम अध्यक्ष) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य संरक्षक सलाहकार भीमसेन कंसल, हर्षवर्धन मित्तल अध्यक्ष सतीश चंद गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कुमार गर्ग, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, रामकुमार तायल, सचिव महकार सिंह, उप मंत्री सतवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, दिनेश गर्ग, कोषाध्यक्ष कपिल गर्ग, सदस्य आचार्य इंद्रपाल, प्रेम शंकर मिश्रा, अनिल राठी (ब्लॉक प्रमुख), शिवनारायण, विष्णु स्वामी, बृजगोपाल छारिया, कैलाश चंद ज्ञानी, संजीव अग्रवाल, दीपक बंसल, सुभाष बाबू को शपथ दिलाई गई। वर्ष २०२०–२१ का लेखा–जोखा भी सुनाया गया। मंदिर में घाटों की सुंदर व्यवस्था पर विचार किया गया ओर यात्रियों की सुविधा के लिए दो शौचालय तुरंत प्रारंभ करने का निर्णय भी लिया गया एवं गंगा जी की मुख्यधारा लाने पर विचार किया गया। श्मशान घाट पर चल रहे सौन्दर्यकरण एवं कार्यों पर विचार भी किया गया।







## व्यापारियों के साथ मिलकर पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बुस.)। मुजफ्फरनगर अंसारी रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने व्यापारियों के साथ मिलकर पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मिठाई वितरण कर धूमधाम से मनाया। सभी ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने के लिए कामनाएं की। इस अवसर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम भगत, भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर संयोजक पंकज शर्मा, अतुल त्यागी, धीर सिंह सैनी, विनोद कुमार, अजय कश्यप, रोहित, अन्नू कुमार, कुलदीप गोयल, रिंकू, गौरव भाई, पारस, आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।



## एस.डी. पब्लिक स्कूल जूनियर विंग स्कूल बना चैंपियन

मुजफ्फरनगर, १७ सितंबर (बुस.)। ऑनलाईन एजीसी–अर्थमैटिक जीनियस कॉन्टेस्ट में एस.डी. पब्लिक जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और उत्तर प्रदेश में चैंपियन स्कूल बन गया। ऑनलाईन एजीसी–अर्थमैटिक जीनियस कॉन्टेस्ट २०२०, दूसरी, तीसरी और चौथी कक्षा के बच्चों के लिए भारत सबसे बड़ी ऑनलाईन अंकगणितीय प्रतियोगिता है, जिसमें २० से अधिक राज्यों के ४१,००० से अधिक बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सितम्बर २०२० के महीने में शुरू हुआ और २१ फरवरी २०२१ को समाप्त हुआ। सिप अबेकस ने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए तीन महीने के भीतर परीक्षा पोर्टल और डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली के साथ एक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म विकसित किया। उत्तर भारत के ६ राज्यों से १०० स्कूलों के ५१४४ छात्रों ने राउंड १ परीक्षा में भाग लिया। राउंड २ परीक्षा में ६५२ छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने आखिरी चरण में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और विद्यालय को चैंपियन बना दिया। विंग इंचार्ज रेनू गोयल ने सभी विद्यार्थियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

# कांग्रेस–रालोद कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर ( बु. )। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर जनपद में विपक्षी दलों ने विरोध स्वरूप राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस में रूप में मनाया। बघरा ब्लॉक के ग्राम जसोई में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस पर राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में केक काटकर मनाया। इस दौरान रालोद छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सार्थक लाटियान ने कहा की मोदी जी ने सभी युवाओं से प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरी व रोजगार देने का वायदा किया, जबकि देश में भाजपाराज में बेरोजगारी व महंगाई चर्म पर है, जिससे समाज का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि आए दिन बिजली की दरें व कृषि यंत्रों पर महंगाई बढ़ रही है, जिससे किसान, मजदूर समेत हर वर्ग को परेशानी उठानी पड़ रही है। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो रालोद छात्र सभा सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान दीपक निर्वाल, काजी फैज, धर्मपाल प्रधान, शाहरूख आलम, आरिज, वाजिद अली, अर्जित लाटियान, मयंक निर्वाल इत्यादि रहे। उधर, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया गया। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विक्रांत पंवार व शहर अध्यक्ष रजत सिंघल के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस के सैंकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मीनाक्षी चौक पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। साथ ही विभिन्न पोस्टर बैनर दिखा कर केंद्र और राज्य सरकार का विरोध किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरिज चीता, आशीष मलिक, फैसल कुरैशी, वाजिद, मौ. सलमान, यश बंसल, रजत गुप्ता, अफसाना अंसारी, दिग्विजय, शशांक पाल, अश्वनी आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सक व वार्ड ब्वाय पर फर्जी मेडिकल बनाने का आरोप

भोपा, १७ सितम्बर (बु.)। अधिवक्ता ने सीएचसी मे चिकित्सक व वार्ड ब्वाय पर सुविधा शुल्क लेकर फर्जी चोटे बनाकर मेडिकल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने वीडियो फुटेज चेक कराकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाने पर दी तहरीर में अधिवक्ता खालिद ने बताया कि बीते १३ सितंबर को दोपहर एक बजे उसके वयोवृद्ध पिता खलील अहमद निवासी ककरौली के साथ गांव में आरोपितों ने मारपीट की थी। सीएचसी पर उन्होंने घायल की डॉक्टरी कराई थी। आरोप है कि उनके विपक्षीगण को कोई चोट नहीं थी, लेकिन इसके बाद भी चिकित्सक व वार्ड ब्वाय खालिद ने सुविधा शुल्क लेकर उनके विपक्षीगण की फर्जी चोटें बनवाकर मेडिकल किया है, जिसकी मेरे बहनोई जो भी अधिवक्ता है, उन्होंने वीडियो बना ली है। आरोप है कि इसके अलावा भी बहुत सारे लोगों के फर्जी मेडिकल चिकित्सक व वार्ड ब्वाय खालिद ने बनाए है। सीएचसी के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिये देखा जा सकता है कि ठीक हालत में लोग सीएचसी में आते और बाद में पट्टी बंधे जाते दिखाई देंगे। प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री ने बतायाकि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



## चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में धूमधाम से मनाई गयी विश्वकर्मा जयंती

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बुस.)। आज गुरुवार को चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सैकेंड्री विद्यायल में विश्वकर्मा जयंती ऑनलाइन कक्षा द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अध्यापिकाओं ने बच्चों को विश्वकर्मा जी के बारे में बताया। स्कूल की प्रधानाचार्या ने हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बच्चों को विश्वकर्मा जी के बारे में बताया कि शास्त्रों में भगवान विश्वकर्मा को सृजन और निर्माण का देवता माना गया है। माना जाता है भगवान विश्वकर्मा ने कृष्ण की द्वारिकापुरी, पुष्पक विमान, इन्द्र का वज्र, शिव का त्रिशूल, पांडवों की इन्द्रप्रस्थ नगरी का निर्माण किया था। इसलिए किसी निर्माण और सृजन से जुड़े लोग श्रद्धाभाव से भगवान विश्वकर्मा को आराध्य मानकर पूजन करते हैं। स्कूल में ऑनलाइन कक्षा द्वारा कई प्रतियगिताएं आयोजित की गई, जैसे ग्रीटिंग मैकिंग, स्लोगन लेखन और निबन्ध लेखन आदि, जिनमें बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। अंत में समस्त स्टाफ ने भी हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व विश्वकर्मा जी के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



## बारातघर गांधी कॉलोनी में ३०० लोगों को लगा टीका

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बुस.)। बारातघर गांधी कॉलोनी में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर वैक्सीनेशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष भाजपा, रेनू गर्ग जिला मंत्री, विजय वर्मा जिला सोशल मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा, विकास अग्रवाल जिला सह मीडिया प्रभारी व कपिल पाल सरवट मंडल अध्यक्ष आदि लोगों ने किया। वहां उपस्थित सभी लोगों ने जोरदार तरीके से प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन की खुशी में सभी कार्यकर्ताओं और उपस्थित नागरिकों को लड्डू वितरित कर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस कैंप में कोविशील्ड की लगभग ३०० लोगों का टीकाकरण किया। इस कैंप में विजय वर्मा, शोभित, कपिल पाल, मुकेश बंसल, अंकित उप्पल, ईश्वर सिंह आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# कुतुबपुर व मीरांपुर भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई

जानसठ, १७ सितंबर (बु.)। शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर व मीरांपुर विद्युत ग्रह परिसर पर भगवान श्री विश्वकर्मा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार को मीरांपुर क्षेत्र के गांव कुतुबपुर ३३/११ विद्युत उपकेंद्र पर अपर अभियंता सतीश कुमार के नेतृत्व में विद्युत उपग्रह के परिसर में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान विश्वकर्मा जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अवर अभियंता सतीश कुमार ने सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए। इसके उपरांत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा आहुति दी गई तथा बाद में प्रसाद वितरण किया, जिसमें आते–जाते राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अवर अभियंता सतीश कुमार, जावेद सैफी, आशुतोष, एसएसओ नरेश कुमार, मोहित कुमार, प्रवीण कुमार, लाइनमैन नरेश कुमार व पिंटू आदि उपस्थित रहे। वहीं मीरांपुर अवर अभियंता महिपाल के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें काफी संख्या में कर्मचारियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया। भगवान महान शिल्पकार महान वास्तुविद विश्वकर्मा जी का पूजन दिवस व वंदन दिवस स्मरण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भगवान विश्वकर्मा जी, जो भगवान के २४वें अवतार हैं, जब भी भगवान का अवतार होता है, इस पृथ्वीलोक में जहां–जहां भी भगवान का अवतार होता है, या हुआ है, तब तब भगवान के महल का निर्माण भगवान विश्वकर्मा जी ही अपने द्वारा उस महल की रचना करते हैं।

# श्रीबालाजी मंदिर से निकली ठाकुर जी की कुंआ पूजन यात्रा

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर ( बु. )। मुजफ्फरनगर के प्रसिद्ध श्रीबाला जी धाम मंदिर से ठाकुर जी की कुंआ पूजन यात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकली गयी। विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य रूप से स्वागत किया गया। वहीं ठाकुर जी को भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर ठाकुर जी की आरती की। नई मंडी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर से शुक्रवार को ठाकुर जी की कुंआं पूजन यात्रा बैंड बाजे के साथ बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई। श्रीबालाजी मंदिर से शुरू होकर नई मंडी के बिंदल बाजार, पीठ बाजार होते हुए माडी की धर्मशाला के पास स्थित श्री कालूराम मंदिर पहुंची। यहां पर ठाकुरजी को मौजूद रहे श्रद्धालुओं द्वारा स्नान कराकर विधि विधान के साथ ही पूजा अर्चना की गई। ठाकुर जी की पूजा के बाद में भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। ठाकुर जी की यात्रा मंदिर कालूराम से चलकर वापस नई मंडी गऊशाला रोड होते हुए श्रीबालाजी धाम मंदिर पहुंची। यहां पर ठाकुर जी की भक्ति भाव के साथ विशाल आरती की गई। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। इसके बाद श्री बालाजी धाम मंदिर से प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्रीबालाजी धाम मंदिर के अध्यक्ष हरिशंकर तायल, मंदिर संरक्षक व गुरूजी सुरेश बंसल, भीम कंसल, अशोक शर्मा एडवोकेट, सुनील तायल, नितिन गोयल, लकी गोयल, अन्नू, अमन गोयल, अमरीश सिंघल, चाचा जेपी गोयल, मनोज खंडेलवाल, नितिन गोयल, पीयूष, नवीन बिंदल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
☎ (आ.)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन–9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# सेवा और समर्पण अभियान

कल प्रधानमंत्री के जन्मदिन के दिन बड़ी संख्या में वैक्सिनेशन हुआ। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'राष्ट्रीय बेरोज़गार दिवस' कहा है। भाजपा, प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 20 दिन तक मनाएगी। इसके लिए बड़ी तैयारियां की गई हैं। यह मोदी का 71वां जन्मदिन है। बीस दिन बाद यानी 7 अक्तूबर को, आज से बीस साल पहले मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। भाजपा ने बीस दिन के एक राष्ट्रव्यापी अभियान की योजना बनाई है, जिसे 'सेवा और समर्पण अभियान' का नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन मनाने की कई हलकों से आलोचना भी हो रही है। बीजेपी की तैयारियों के बीच एक किसान नेता ने बीजेपी की निंदा की है। उन्होंने कहा,जहां एक तरफ किसान साढ़े नौ महीने से सड़कों पर आंदोलन कर रहा है और आम जनता कोरोना के चलते हुए नुक़सान से उबर नहीं पाई है, वहीं प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण व्यक्ति के जन्मदिन को मनाने के लिए बीस दिन तक कार्यक्रम चलाने की बात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए बीजेपी ने एक चार सदस्यीय समिति बनाई है, ताकि अभियान के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। इस अभियान के तहत ज़िला स्तर पर बीजेपी रक्तदान शिविर और मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी जैसे कई कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रही है, वहीं पार्टी के सभी दफ़्तरों से लाखों की संख्या में पोस्टकार्ड पीएम के पास भेजने की योजना भी है। बीजेपी ने पूरे देश की तर्ज पर पश्चिम बंगाल में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की है। पार्टी वहां 17 सितंबर से 20 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष ने बताया, पार्टी इन बीस दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इनमें हर जिले में प्रधानमंत्री के जीवन और कामकाज पर प्रदर्शनियां शामिल हैं। कोलकाता स्थित बीजेपी मुख्यालय के बाहर प्रधानमंत्री के विशाल कटआउट लगाए गए हैं। वहां बृहस्पतिवार ही से उत्सव जैसा माहौल है और पटाखे और फुलझड़ियां चलाई जा रही हैं। इस दौरान स्वास्थ्य और रक्तदान शिविरों के आयोजन के अलावा ग़रीबों, बुज़ुर्गों और दिव्यांगों के बीच फल बांटे जाएंगे। पार्टी के कार्यकर्ता हुगली नदी के 71 घाटों की साफ-सफाई भी करेंगे। पश्चिम बंगाल में 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के मौक़े पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। इस मौक़े पर पार्टी ने मोदी की तस्वीरों वाली हज़ारों पतंग भी तैयार की हैं। उन पतंगों को पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों में भी बांटा जा रहा है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर प्रधानमंत्री को मिले उपहारों का ऑनलाइन ऑक्शन भी कर रही है। ऑनलाइन ऑक्शन 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलेगा। इस ऑक्शन में करीब 1300 आइटम होंगे। इसमें टोक्यो ओलिंपिक और पैरालिंपिक विजेताओं की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को दिए गए गिफ्ट्स भी शामिल किए गए हैं। इन गिफ्ट्स में गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा का जेवलिन और पैरालिंपिक खेलों में सिल्वर मेडल जीतने वाले जीतने वाले नोएडा डीएम सुहास एलवाई यथिराज का बैडमिंटन रैकेट भी शामिल है। ई-ऑक्शन कल से शुरू हो गया है, टोक्यो पैरालिंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाले सुहास एलवाई के रैकेट की बोली 10 करोड़ तक लग चुकी है और नीरज चोपड़ा के भाले के बोली भी 1 करोड़ 20 लाख तक लग चुकी है। बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन के ग्लव्स की बोली भी 1 करोड़ 80 लाख के पार हो चुकी है। इन गिफ्ट्स में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दिया गया अयोध्या राम मंदिर का मॉडल भी शामिल है। राम मंदिर मॉडल का बेस प्राइस 10 लाख रुपए है। भारत ने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कल महज 9 घंटे ही में कोरोना वायरस के ख़िलाफ़ 2 करोड़ से ज़्यादा लोगों को वैक्सीन लगाने का रिकॉर्ड बनाया है। दोपहर डेढ़ बजे तक ही एक करोड़ से ज्यादा डोज लगाए जा चुके थे। वैक्सीनेशन प्रोग्राम की रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि हर सैकेंड 527 से ज्यादा डोज लगाए जा रहे थे। हर घंटे 19 लाख से ज़्यादा डोज दिए गए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वैक्सीन के 77.77 करोड़ से ज़्यादा डोज उपलब्ध कराए गए है। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के पास अभी वैक्सीन के 6.17 करोड़ से ज़्यादा डोज उपलब्ध हैं। मोदी का जन्म 1950 में गुजरात में हुआ था। वह कम उम्र ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हो गए थे। बाद में वह भाजपा से जुड़े। वर्ष 2001 में वह गुजरात के मुख्यमंत्री बने और उनके नेतृत्व में तीन बार लगातार वहां भाजपा की सरकार बनी। उन्होंने कभी चुनावी हार का सामना नहीं किया। उनके नेतृत्व में भाजपा ने 2014 और 2019 को लोकसभा चुनाव भी जीता। राहुल गांधी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। राहुल गांधी ने कल सुबह ट्विटर पोस्ट किया, 'हैप्पी बर्थ डे, मोदी जी'। राहुल गांधी की इस छोटी सी बधाई की आलोचना भी हो रही है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश में जहाँ विभिन्न कार्यक्रम हुए और होंगे वहीं सियासी आरोप प्रत्यारोप भी चलते रहेंगे। कल अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा, तो उन्हें भी केशव प्रसाद मौर्य की टिप्पणी का सामना करना पड़ा। आने वाले बीस दिनों में इस तरह के हमले और तेज़ होंगे। अखिलेश यादव ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बीजेपी सरकार का सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने हर व्यक्ति का अपमान किया है और इसने पहले की किसी भी सरकार की तुलना में अधिक झूठ बोला है। ऐसा लगता है कि बीजेपी झूठ का ट्रेनिंग सेंटर चला रही है। जनता को गुमराह करने के लिए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। अखिलेश यादव ने कहा है कि यूपी का चुनाव देश का सबसे बड़ा चुनाव होगा। अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को ईवीएम और डीएम से अलर्ट रहने की अपील की। अखिलेश ने आरोप लगाया कि बिहार में ईवीएम और डीएम ने बेईमानी की और बंगाल में सही जवाब मिला। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पहले इफ्तार पार्टियां आयोजित किया करते थे, वह अब मंदिर-मंदिर घूम रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह भाजपा की वैचारिक जीत है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'मदारी' 'बन्दर' 'मस्ती' 'चुस्की'
एक मदारी ने कई बन्दर नचा कर रख दिये,
लोग ताली पीटते हैं, देखकर मस्ती के साथ।
कोई नाटक कर रहा है मंच पर कोई ट्वीट पर,
कोई नाटक देखता है चाय की चुस्की के साथ।



# किसान सेवा सहकारी समिति की लापरवाही के चलते कृषि यंत्र हो रहे खराब

### –खुले में रखे लाखों के यंत्रों पर लग रहा जंग –सरकार को चूना लगाने में लगे अधिकारी

भोपा, १७ सितम्बर (बु.)। इसे विडंबना कहें या उदासीनता की प्रकाष्ठा सरकार द्वारा किसानों के लिए किराए पर देने के लिए कृषि यंत्रों को किसान सेवा सहकारी समिति को सौंपे गए थे, जो यंत्र लाखों रुपए की कीमत के हैं। उन्हें किसान सेवा सहकारी समिति मोरना द्वारा खुले में ही रखा गया है, जिस पर अधिक बारिश होने के कारण जंग लग रहा है, जिसके चलते विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मोरना ब्लॉक की किसान सेवा सहकारी समिति में सरकार द्वारा मध्यवर्गीय व गरीब किसानों के लिए किराए पर देने के लिए कृषि यंत्र सरकार द्वारा भेजे गए थे, जो मध्यमवर्ग व गरीब किसान उन यंत्रों को खरीद नहीं सकते, तो सरकार द्वारा उन यंत्रों को गरीब किसानों को चार सौ रूपये प्रतिदिन की धनराशि के हिसाब से किराए पर दिया जाता है, जिसमें रोटावेटर गेहूं बोने की मशीन इकपलटा हल आदि लाखों के उपकरण दिए हुए हैं, लेकिन किसान सेवा सहकारी समिति द्वारा उन्हीं यंत्रों को खुले में ही रखा गया है, जिन पर पूरी बरसात का पानी उन पर ही गिरा है, जिसके चलते सभी यंत्रों पर जंग लग रहा है, जिसके चलते वह यंत्र खराब होने की स्थिति में हैं। वही अधिकारियों की लापरवाही के कारण कृषि यंत्रों के खराब होने पर सरकार को लाखों रुपए का नुकसान होगा। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन किसान सेवा सहकारी समिति मोरना के परिसर में खुले में पड़े यंत्र अधिकारियों की लापरवाही को बयां कर रहे हैं।

## बुढ़ाना पुलिस ने सोनू के हत्यारों को जेल भेजा

बुढ़ाना, १७ सितम्बर (बु.)। आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दलाल के द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त व अभियुक्ता को कस्बा बुढ़ाना में स्थित चौधरी चरण सिंह तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त और अभियुक्ता का नाम नीरज पुत्र ओमप्रकाश निवासी नाहू थाना दादों जनपद अलीगढ़ और प्रियंका पाल पुत्री नैन सिंह निवासी कमरुद्दीननगर थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर है। हत्या का कारण अभियुक्तगणों द्वारा सोनू की हत्या प्रेम–प्रसंग के चलते करना बताया गया है। बुढ़ाना पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।



# धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती, विभिन्न स्थानों पर हुए आयोजन

### -विश्वकर्मा चौक समेत जिले में अन्य क्षेत्रों में संपन्न हुए हवन -औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में संपन्न हुए विशेष आयोजन

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर ( बु. )। जनपदभर में शुक्रवार को पूर्ण आस्था एवं हर्षोल्लास के बीच विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस दौरान समाज के लोगों ने जहां एक ओर घरों व प्रतिष्ठानों में पूजा-अर्चना के बीच जयंती मनाई, वहीं दूसरी ओर फैक्ट्रियों में भी इस दौरान विश्वकर्मा जयंती पर भगवान विश्वकर्मा जी को याद किया गया। इसी कड़ी में नई मंडी भोपा रोड विश्वकर्मा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में तमाम लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा नगर के अन्य क्षेत्रों में विशेष पूजा के आयोजन इस दौरान किए गए। विश्वकर्मा समाज द्वारा भोपा रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में इस मौके पर हवन पूजन किया गया। वहां भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पं. सुबोध शर्मा, सपा के नेता और विश्वकर्मा समाज के लोग बडी संख्या में विश्वकर्मा जयंती पर संपन्न हुए आयोजनों में शामिल हुए। जनपद के औद्योगिक क्षेत्र में भी विश्वकर्मा जयंती के मौके पर मशीनों की पूजा और हवन आदि के आयोजन किए गए। इस कड़ी में शुक्रवार को नगर के मौ. आनंदपुरी पेट्रोल पंप के बराबर में विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने इस दौरान संपन्न हवन पूजन में भाग लेकर भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्री विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने विश्व के रचियता श्री विश्वकर्मा द्वारा बनाई रचना की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा किसी एक जाति धर्म के नहीं संपूर्ण सृष्टि के हैं, जिनकी पूजा हर जाति-धर्म का व्यक्ति कल कारखानों के सदैव संचालन से पूर्व करता है। इस दौरान मुकेश धीमान, योगेन्द्र धीमान, अक्षय, ओमप्रकाश, भीष्म, सुरेश, जनार्दन विश्वकर्मा, डॉ. रविदत्त, स. बलविन्द्र सिंह, ईश्वर, अरूण, नरेश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। उधर, इन्दिरा कालोनी स्थित विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला में भी यज्ञ के पुरोहित सत्यव्रत आर्य, यज्ञमान स. बलविन्द्र सिंह सल व उनकी पत्नी मनप्रीत कौर व आशीष विश्वकर्मा व उनकी पत्नी शिवी धीमान रही। इस दौरान समिति अध्यक्ष स. बलविन्द्र सिंह ने बताया कि विश्वकर्मा जी उच्च कोटि के ऋषि मुनि, देवता और ऐश्वर्य के दाता थे, जिन्होंने विश्व कल्याण के लिए देवताओं की हर संभव समय-समय पर मदद की। इस दौरान निर्मल सिंह, मुकेश धीमान, बिजेंद्र सिंह, डॉ. अमन सिंह, नरेश विश्वकर्मा, ब्रजपाल, सतीश, आत्माराम, रमेश चंद, प्रमोद, अर्जुन, राजेश धीमान आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व मंदिर में हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के विश्वकर्मा समाज के लोग भी शामिल रहे। वहीं जनपदभर में विश्वकर्मा जयंती पर औद्योगिक क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मशीनों एवं औजारों की पूजा करने के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान फैक्ट्रियों में भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा के साथ व्यापार में वृद्धि और धन धान्य की मंगल कामना की गई।



# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हवन पूजन किया गया

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बुस.)। आज विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विश्वकर्मा पूजन के अवसर पर हवन पूजन किया गया व जिले के विभिन्न संस्थान में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन विपुल भटनागर रहे। प्रधानाचार्य एम.के. दुबे ने सभी छात्रों को इस दिन का महत्व बताया व कहा कि आप अपने स्किल के दम पर विभिन्न उद्योगों में कार्य कर सकते हैं व अपना स्वयं का रोजगार भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान से उत्तीर्ण हुए छात्र रोजगार व व्यवसाय में बहुत सफल हुए है। मुख्य अतिथि विपुल भटनागर ने कहा कि आने वाले युग के आप शिल्पी हैं व आपके गुरुजन शिल्पकार। आप अपने हाथ के हुनर से अपने व्यवसाय करने का प्रयास करें व हमारे मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं स्किल डिवेलपमेंट व आत्म निर्भर भारत का सपना साकार करते हुए अपने कार्य स्थापित करे व रोजगार करने वाले नहीं रोजगार देने वाले बने सभी मेधावी छात्रों को अपने संस्थान, प्रदेश व देश का नाम रौशन करे उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी। विशिष्ठ अतिथी के रूप में शामली सेवायोजन अधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं के साथ–साथ संस्थान के अध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

!! श्री राजश्यामा जी सदा सहाय !! श्रद्धांजलि !! श्री राजश्यामा जी सदा सहाय !!
श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी । हे नाथ नारायण वासुदेवा।।



स्व0 श्रीमती मंजू मित्तल जी

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्नीय माता जी श्रीमती मंजू मित्तल जी धर्मपत्नि श्री गिरधारी लाल मित्तल जी का स्वर्गवास बुधवार, 08 सितम्बर 2021 को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी रस्म तेरहवीं रविवार, 19 सितम्बर 2021 को वर-वधु फार्म, रूडकी रोड, निकट शेरपुर रूडकी चुंगी, मुजफ्फरनगर में सम्पन्न होगी।

ब्रह्मभोज ............................12 : 00 बजे दोपहर
शोक सभा ............... 2 : 00 बजे दोपहर

गिरधारी लाल मित्तल (पति)
राजीव मित्तल - मानसी मित्तल (पुत्र-पुत्रवधु)
आशुतोष मित्तल - रूपाली मित्तल (पुत्र-पुत्रवधु)
भावना सिंघल - अमित सिंघल (पुत्री-दामाद)
अनन्त मित्तल, केशव मित्तल
हर्षित मित्तल (पौत्र)
आराध्या (पौत्री)

गोपालदास मित्तल (भतीजे)
सुनील मित्तल (भतीजे)
विकास मित्तल (भतीजे)
राजकुमार मित्तल (भतीजे)
संजीव मित्तल (भतीजे)
सन्दीप मित्तल (भतीजे)
सचिन मित्तल (भतीजे)
नितिन मित्तल (भतीजे)

प्रतिष्ठान
श्री हरि इस्पात प्रा.लि., देवबन्द
S.R. Enterprises
मित्तल ट्रेडर्स, रूडकी रोड
सम्पर्क सूत्र - 9058014599, 9917064499, 6397000944

# होमगार्ड पर जंगली जानवर ने किया हमला

भोपा, १७ सितम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई निवासी एक होमगार्ड पर ड्यूटी से लौटते समय भोपा अथाई मार्ग पर जंगली जानवर ने हमला करने का प्रयास किया। जंगली जानवर को देखकर होमगार्ड ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई और मामले की सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों के शोर मचाने पर जंगली जानवर खेतों में घुस गया। क्षेत्र में जंगली जानवर आहट से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव अपनी निवासी तक्षक होमगार्ड में तैनात है। गुरुवार देर शाम वह ड्यूटी खत्म कर वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह भोपा अथाई मार्ग पर खेतों के बीच पहुंचा, तो खेतों से निकले एक जंगली जानवर ने उस पर हमला करने का प्रयास किया। किसी तरह बचकर होमगार्ड ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई और भोपा आकर ग्रामीणों को मामले की सूचना दी। मामले की सूचना पाकर सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर जंगली जानवर खेतों के रास्ते भाग गया। इस मार्ग से रोजाना सैंकड़ों ग्रामीण भोपा व अन्य गांव में कामकाज के लिए जाते हैं। खेतों में जंगली जानवर की आहट से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और ग्रामीण खेतों में जाने से खौफ खा रहे हैं।

# गरीबों के बीच पीएम मोदी का बर्थडे मनाया

बुढ़ाना, 17 सितंबर ( बु. )। शुक्रवार को बुढ़ाना कस्बे के बड़कता रोड पर स्थित कांशीराम आवास कॉलोनी में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बुढ़ाना मंडल की कार्यकारिणी की समस्त पदाधिकारी और सदस्यों की टीम ने हर्षोल्लास के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 71वां जन्मदिवस मनाया। यहां पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बुढ़ाना मंडल अध्यक्षा नीलू शर्मा ने सभी महिलाओं को मोदी की योजनाओं के बारे में भी समझाया तो यहां पर कॉलोनी की समस्त महिलाओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। अध्यक्षा नीलू शर्मा ने कॉलोनी के सभी बच्चों और महिलाओं को मिठाइयां और फल भी वितरण किए। इस सम्बंध में अध्यक्षा नीलू शर्मा ने काशीराम आवास कॉलोनी पर जाकर सेवा ही समर्पण के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बुढ़ाना मंडल कार्यकारिणी की टीम ने हर्षोल्लास के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया और सभी को मिठाई व फल वितरण किए, उसके पश्चात सभी को सरकार की योजनाओं के बारे में भी समझाया। उनके द्वारा जन-जन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास भी किया जा रहा है। इसमें मुस्लिम महिलाओं को भी मिठाईयां बांटी गई।

## सुरक्षा कारणों के चलते न्यूजीलैंड का पाकिस्तान दौरा रद्द

रावलपिंडी, 17 सितंबर (वार्ता) न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम का पाकिस्तान का सफेद गेंद दौरा सुरक्षा कारणों के चलते आज रद्द कर दिया गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने देश की सरकार से सुरक्षा खतरे को लेकर मिली खुफिया जानकारी के बाद रावलपिंडी में आज वनडे सीरीज के पहले मैच का खेल शुरू होने से कुछ मिनट पहले दौरे को रद्द कर दिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा, '' न्यूजीलैंड सरकार की पाकिस्तान में सुरक्षा खतरे की बढ़ी आशंका और धरातल पर मौजूद न्यूजीलैंड क्रिकेट सुरक्षा सलाहकारों की सलाह के बाद यह निर्णय लिया गया है कि टीम का यह दौरा आगे नहीं बढ़ेगा। अब टीम के प्रस्थान की व्यवस्था की जा रही है। खान ने न्यूजीलैंड में अपने समकक्ष से बात की थी।



# मनरेगा में जॉब कार्ड होने पर भी नहीं मिल रहा काम

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर ( बु. )। अपनी मांगों को पूर्ण किए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को मनरेगा की दर्जनों महिलाओं ने जॉब कार्ड बनने के बाद भी कोई काम नहीं मिलने से नाराज होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में पहुंची महिलाओं ने एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा। शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची ब्लॉक बघरा के गांव सांझक निवासी मनरेगा महिलाओं ने ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन को बताया कि वह 26 फरवरी 2021 को उन्होंने मनरेगा के तहत जॉबकार्ड बनाए गए थे, लेकिन अभी तक उन्हें मनरेगा के दौरान कोई काम नहीं दिया गया। इस संबंध में उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान समेत कोई भी अधिकारी गांव में मनरेगा के तहत काम देने को तैयार ही नहीं है। उन्होंने बताया कि नियम के अनुसार पात्रों को जॉब कार्ड बनवाने के 15 दिन बाद भी यदि काम नहीं दिया गया तो मुआवजा देने का प्रावधान है, लेकिन हमें अभी तक एक भी पैसा नहीं मिल पाया है। पीड़ित मनरेगा महिलाओं ने इस संबंध में ज्ञापन डीएम को सौंपा। इस दौरान मुख्य रूप से कुसुम, राजबाला, संतलेश, गीता, रोशनी, मोनिका, वंदना, लता, संतोष, निर्मला, संगीता, बबीता, चमनो, नीलम, पुष्पा, शर्मिला समेत दर्जनों महिलाएं डीएम कार्यालय पर मौजूद रही।

# शनिवार को होगा भाजपा का प्रबुद्ध प्रकोष्ठ सम्मेलन

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर ( बु. )। प्रबुद्ध वर्ग में भाजपा सरकारों के कामकाज का प्रचार प्रसार करने व जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में जारी प्रयासों के बीच शनिवार को भाजपा का प्रबुद्ध प्रकोष्ठ का शहर विधान सभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भूदेव सिंह व सदर विधानसभा के संयोजक कांती राठी ने संयुक्त रूप से बताया कि 18 सितम्बर को शाम 4 बजे जानसठ रोड स्थित एक बैंकटहॉल में भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में शहर विधानसभा के अन्तर्गत निवास करने वाले बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया गया है। सह संयोजक कान्ती राठी ने बताया कि इन्हीं उपलब्धियों को सम्मेलन में बुद्धिजीवी वर्ग के समक्ष रखा जायेगा ताकि जनता के बीच जाकर इनका प्रचार कर सकें। सम्मेलन का काम भाजपा सरकारों के काम व उपलब्धियों को आम चर्चा तक पहुंचाना है। सम्मेलन में व्यापारी, उद्यमी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, चिकित्सक, शिक्षक, इंजीनियर, बैंकर्स आदि बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के मार्गदर्शक और मुख्य वक्ता प्रदेश सह संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल रहेंगे। वहीं सम्मेलन की अध्यक्षता समाजसेवी भीम कंसल द्वारा की जायेगी। जिला संयोजक भूदेव सिंह ने बताया कि जनपद में विधानसभावार प्रबुद्ध सम्मेलन किये जा रहे हैं। जनपद में यह 5वां सम्मेलन है, इससे पूर्व पुरकाजी, बुढ़ाना, खतौली, चरथावल विधानसभा में सम्मेलन कर चुकी हैं। 6वां अंतिम सम्मेलन मीरांपुर विस में होगा, जिसके मुख्य अतिथि कैराना सांसद प्रदीप चौधरी होंगे।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र योगेश व उसकी पत्नी श्रीमती कोमल हमारे कहने–सुनने में नहीं है और मेरा पुत्र योगेश गलत संगत में उठने–बैठने लगा है। इसलिए मैंने अपने पुत्र योगेश व उसकी पत्नी कोमल को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैंने व मेरे परिवार वालों ने योगेश व उसकी पत्नी कोमल से अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। यदि मेरा पुत्र योगेश व उसकी पत्नी कोमल कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेनदेन करते हैं, तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अंगूरी पत्नी श्री ब्रह्म सिंह
ग्राम कसेरवा, जिला मुजफ्फरनगर,
हाल निवासी- ग्राम रामपुर,
थाना- छपार, मुजफ्फरनगर

## PUBLIC NOTICE

It is informed that in my high school certificates my name is written as ABUZAR RAEES S/o ATHAR RAEES Date of Birth 16.05.2004, whereas my correct name, father's name and date of birth is **ABUZAR RAIS S/o ATHAR RAIS** & Date of Birth is **06.05.2003.** Therefore, in future I should be known and recognized by this name for all purposes.

ABUZAR RAIS
S/o Sh. Athar Rais
R/o 1254, Malhupura,
Muzaffarnagar

## मकान बिकाऊ है

एक मकान नई मण्डी गऊशाला रोड पर बिकाऊ है, जिसमें प्रथम तल पर 9×17 वर्ग फुट है तथा फर्स्ट फ्लोर पर 17×23 वर्ग फुट है।

केवल इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें :-
8279942545
8439104535

## VACANCY FOR NURSING STAFF

QUALIFICATION
B.Sc. in Nursing
(One Year Experience)
GNM Pass
(Five Year Experience)

Meet between 3 PM to 5 PM
AT
VARDHMAN HOSPITAL
3rd km. Jansath Road,
Muzaffarnagar



# सोमवार को जिले में आ रहे हैं एमएलसी ए.के. शर्मा

### जनपद में जगह-जगह होगा पूर्व आईएएस का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर ( बु. )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी पूर्व आईएएस अधिकारी एवं भाजपा उपाध्यक्ष एमएलसी एके शर्मा आगामी 20 सितम्बर को पहली बार जनपद में आ रहे हैं, जहां वें जानसठ रोड स्थित आशीर्वाद बैंकेटहाल में संपन्न होने जा रहे सर्व वर्ग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आमजन को सम्बोधित करेंगे। मुजफ्फरनगर की एनजीओ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी धर्म व जातियों के लोगों को आमंत्रित किया गया है। शुक्रवार को कूकड़ा नवीन मंडी स्थल पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व आईएएस अधिकारी एके शर्मा ने अपने कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ करीब सात वर्ष तक गुजरात में काम कर चुके हैं। उनकी बनाई योजनाओं के कारण ही वर्तमान में गुजरात पूरे देश में अग्रणी स्थिति में आया। उसी क्रम में अब वें विधान सभा चुनाव से पूर्व उत्तर प्रदेश में जगह जगह का दौरा कर रहे हैं। 20 सितम्बर को दोपहर 3 बजे होने वाले इस कार्यक्रम से पूर्व पूरे नगर में बीते माह एमएलसी बने एके शर्मा का भव्य स्वागत किया जायेगा। पत्रकार वार्ता में संजीव त्यागी, सोनिया कौशिक, संदीप बालियान, दीपक चौधरी, अरविंद चौधरी, राहुल चौधरी, अतुल शर्मा, कपिल मिश्रा, मोहित त्यागी, प्रवीन शर्मा, राजीव मान आदि मौजूद रहे।

# सनमति प्रा.आई.टी.आई. में विश्वकर्मा जयंती बड़े धूमधाम से मनाई

मुजफ्फरनगर, १७ सितंबर (बुस.)। सनमति प्रा.आई.टी.आई. में विश्वकर्मा जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गयी। पूजा अर्चना के तुरंत बाद संस्थान के सभी छात्रों को विश्वकर्मा जयंती के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए संस्था प्रभारी ने बताया कि इस शुभ दिवस पर औद्योगिक क्षेत्रों, कार्यशालाओं, दुकान, वाहन शोरूम व सभी फैक्ट्री में विश्वकर्मा जी की हवन द्वारा पूजा की जाती है और साथ ही यह भी बताया कि हिन्दू धर्म में विश्वकर्मा जी को शिल्प कला का देवता माना जाता है। कहा जाता है कि विश्वकर्मा जी दुनिया के सबसे पहले इंजीनियर और वास्तुकार थे। सभी प्राणियों की सरंचनाएं भगवान विश्वकर्मा ने ही की थी। इनके द्वारा प्राचीन काल की लंका नगरी और द्वापर युग की द्वारिका और कलयुग का हस्तिनापुर आदि भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही रचित है। इस शुभ दिन के अवसर पर संस्था में प्रबन्धक प्रदीप जैन, स्टाफगण, अनुदेशक, सोनू कुमार, शैंकी कुमार, प्रिया कुच्छल, सतेन्द्र चौहान व छात्र नीशू, विशाल, अक्षय, टिंकू, अंशुल, दुष्यंत, आदेश, गौरव, विक्रांत, शुभम, राहुल, मोहित आदि उपस्थित रहे।

# प्रशासन अब मंगल पैठ में वसूलेगा दुकानदारों से शुल्क

### -कलेक्ट्रेट में दुकानदारों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर ( बु. )। कोरोना काल के बाद से बंद रहे मंगल पैठ साप्ताहिक बाजार में दुकानदारों से शुल्क वसूली की व्यवस्था प्रशासन ने शुरू की है। इसके लिए नुमाईश समिति की ओर से ठेका छोड़ने की तैयारी की जा रही है। उक्त मामले में दुकानदारों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम कार्यालय पर विरोध किया। एडीएम प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में इन लोगों ने अपनी आशंकाओं को उनके समक्ष रखा। एडीएम प्रशासन ने ठेका व्यवस्था को सुलभ और पारदर्शी बनाने का आश्वासन देते हुए शोषण नहीं होने का भरोसा दिलाया। कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बाद से मेरठ रोड नुमाइश मैदान पर मंगल पैठ बाजार को फिर से गुलजार कर दिया गया। जिला प्रशासन ने इस साप्ताहिक बाजार को खुलवाने की अनुमति देने के साथ दुकान लगाने वाले कारोबारियों से शुल्क वसूली की व्यवस्था करने जा रहा है। इसके लिए नुमाइश समिति द्वारा ठेका छोड़ने की तैयारी है। ठेकेदार को प्रत्येक दुकान से शुल्क वसूल करने का अधिकार दिया जायेगा। शुक्रवार को इसकी जानकारी मिलने पर मंगल पैठ बाजार एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ दुकानदार कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने डीएम के नाम ज्ञापन में मंगल पैठ बाजार में शुल्क वसूली के लिए ठेका छोड़ा जा रहा है। इसके लिए एडीएम प्रशासन 20 सितम्बर को बोली आमंत्रित की हैं। इन लोगों ने कहा कि वह छोटे पटरी दुकानदार हैं। कोरोना काल और महंगाई में दौर में घर चलाना मुश्किल है। ऐसे में शुल्क वसूली का ठेका छोड़े जाने से उनका शोषण होने की संभावना है। पूर्व में डीएम सुरेन्द्र सिंह ने उनको नुमाइश मैदान में बिना तहबाजारी के दिया था। उनसे कोई शुल्क वसूला नहीं जा रहा है। एडीएम प्रशासन अमित सिंह से मिले इन दुकानदारों ने अपनी समस्या रखते हुए ठेका छोड़ने का विरोध किया। इस दौरान मंगल बाजार एसोसिएशन के प्रधान नौशाद मलिक, रमेश चौधरी, मोनू, दीन मौहम्मद, धर्मवीर, बिल्लू, असलम, हाशिम, बनारसी, मनोज कुमार, महेश, सविता, रेखा, गौरी प्रसाद, आशा एवं सुनीता आदि मौजूद रहे।

## प्रेमी संग जाने पर अड़ी महिला

कांधला, 17 सितम्बर ( बु. )। प्रेमी छोड़कर पति के घर लौटी पत्नी के फिर से प्रेमी के साथ जाने को लेकर हंगामा हो गया। मामला थाने पंहुच गया, लेकिन विवाहिता महिला पति व बच्चों का छोड़कर चली गई। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक विवाहिता महिला कई माह पूर्व अपने पति व बच्चों को छोड़कर प्रेम-प्रसंग के चलते प्रेमी के साथ चली गई थी, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद महिला मायके के दबाव में फिर से पति के घर लौट आई। कुछ दिनों के बाद पति व पत्नी के बीच प्रेमी को लेकर विवाद बढ़ता चला गया। बीते गुरूवार को दोनों के बीच मामले को लेकर मारपीट हो गई। गुस्साई महिला आरोपी पति के विरुद्ध कार्रवाही की मांग को लेकर थाने पहुंच गई। पति भी अपने परिजनों को लेकर थाने पहुंच गया। महिला ने पति व ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पति को छोड़कर प्रेमी संग जाने की इच्छा जाहिर की। पुलिस ने दोनों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन महिला ने पति के साथ जाने से मना करा दिया, जिसके चलते पति विवाहिता महिला को छोड़कर अपने बच्चों को साथ लेकर गांव वापस लौट गया। पुलिस की सूचना के बाद मायके के लोग विवाहिता को समझा बुझाकर अपने साथ ले गए। उक्त मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## पेट्रोल डीजल जीएसटी में नहीं होगा शामिल

लखनऊ 17 सितंबर ( वार्ता ) पेट्रोल और डीजल के माल एवं सेवा कर ( जीएसटी ) में लाये जाने से इसकी कीमतों में कमी आने की उम्मीद लगाये लोगों को आज उस समय जबरदस्त झटका लगा जब जीएसटी परिषद ने कहा कि इसके पक्ष में निर्णय लेने का यह उपयुक्त समय नहीं है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुयी जीएसटी परिषद की 45वीं बैठक में इस पर चर्चा हुयी लेकिन इसके पक्ष में निर्णय नहीं लिया जा सका। श्रीमती सीतारमण ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि केरल उच्च न्यायालय के आदेश पर पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए आज के एजेंडे में चर्चा के वास्ते शामिल किया गया था। हालांकि सदस्यों ने कहा कि इन उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने का यह उपयुक्त समय नहीं है और इसलिए इसके पक्ष में निर्णय नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि केरल उच्च न्यायालय ने इसको जीएसटी परिषद की बैठक में रखने के लिए कहा था और उसी के आदेश के अनुरूप यह चर्चा की गयी है। अब उसे परिषद के निर्णय से अवगत कराया जायेगा।

## बुलंदशहर में डीएम की भाषा शैली से नाराज सीएमएस ने दी सेवानिवृत्ति की धमकी

बुलंदशहर 17 सितंबर ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर राजकीय जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने जिला अधिकारी पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की धमकी दी है। सीएमएस डा राजीव प्रसाद ने स्वास्थ्य मंत्री,प्रमुख सचिव महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं समेत अन्य आला अधिकारियों को पत्र भेजकर जिलाधिकारी की शिकायत की है। उनका कहना है कि यदि डीएम के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई तो वह स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले लेंगे। घटना से क्षुब्ध प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ ने भी आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होने प्रमुख सचिव को भेजे पत्र में कहा है कि नौ सितंबर को कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्यमंत्री की वीडियो कांफ्रेङ्क्सग के बाद जिला अस्पताल में भर्ती बुखार के मरीजों के संबंध में डीएम द्वारा प्रश्न पूछे गए जिनका उन्होंने सम्मान पूर्वक जवाब दिया। आरोप है कि जवाब सुन डीएम ने अभद्र व अमर्यादित भाषा में डांटना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि मीङ्क्टग में सीएमओ समेत जिला स्तरीय अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। डीएम द्वारा संयुक्त निदेशक की अहर्ता रखने वाले वरिष्ठ अधिकारियों से इस तरह की भाषा का प्रयोग किया जाना असहनीय है ।

## गैंगस्टर सहित दो दबोचे

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने अदालत द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट पर एक गैंगस्टर सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों में जानकारी देते हुए बताया कि सूचना निवासी मेहराज के विरुद्ध कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे गैंगस्टर एक्ट में भी निरुद्ध किया हुआ है। इस मामले में अदालत में पेश न होने पर अदालत ने उसके गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे, जिस पर आज पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक अन्य मामले में नई आबादी खालापार निवासी चांद उर्फ असलम पुत्र इस्लाम को भी पुलिस ने अदालत द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज है। इस मुकदमे में आरोपी अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसके गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे।

## रंजिश के चलते देवर ने भाभी पर बोला हमला

कांधला, 17 सितम्बर ( बु. )। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में रंजिश के चलते देवर ने भाभी के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिये भर्ती कराया गया। पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की गई है। शुक्रवार को गांव इस्लामपुर घसौली निवासी 36 वर्षीय महिला संतरा ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसका देवर सुनील उसके परिवार से रंजिश रखता है। आरोप है कि कई बार रंजिश के चलते उनके साथ मारपीट कर चुका है। आरोप है कि शुक्रवार को आरोपी देवर ने रंजिश के चलते घर में घुसकर महिला संतरा के साथ बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया, जिसमें महिला को गंभीर चोटें आने से घायल हो गई। परिजनों के द्वारा घायल महिला को उपचार के लिये सरकार अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने महिला की चिन्ताजनक हालत को देखते हुए रैफर कर दिया। घायल महिला को उपचार के लिये शामली भर्ती कराया गया। घायल महिला ने पुलिस आरोपी देवर के विरुद्ध कार्रवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



शुक्रवार को कुछ यूं छाए रहे काले बदरा

## कमला पसंद का विज्ञापन करने पर आया अमिताभ बच्चन का रिएक्शन, बोले- पैसे मिलते हैं इसलिए सोचना पड़ता है

नई दिल्ली, 17 सितम्बर ( नेट. )। हाल ही में अमिताभ बच्चन ने कमला पसंद पान मसाला का विज्ञापन किया था, जिसके बाद उन्हें जमकर ट्रोल किया था, अब अमिताभ बच्चन ने खुद इस विज्ञापन को करने की वजह बताई है। दरअसल अमिताभ बच्चन ने समय से जुड़ा एक पोस्ट करते हुए लिखा था- 'एक घड़ी खरीदकर हाथ में क्या बांध ली वक्त पीछे ही पड़ गया मेरे!' इस पोस्ट में एक यूजर ने कमेंट कर लिखा- 'प्रणाम सर, आपसे एक बात पूछनी है। क्या जरूरत है आपको भी कमला पसंद पान मसाले का विज्ञापन करना पड़ा। फिर क्या फर्क है आप में और इन टटपुंजियों में?' इस कमेंट पर अमिताभ बच्चन ने अपना पक्ष रखा। दरअसल बिग बी ने हाल ही में कमला पसंद का विज्ञापन किया है। इसमें उनके साथ रणवीर सिंह भी नजर आ रहे हैं। फैंस को अमिताभ बच्चन जैसी शख्सियत का कमला पसंद पान मसाले का विज्ञापन करना पसंद नहीं आया और सोशल मीडिया पर उनकी खूब आलोचना की गई। हालांकि अब बिग बी ने साफ-साफइसके पीछे की वजह बताई है। अमिताभ ने अपने फैन को जवाब देते हुए लिखा- 'मान्यवर, क्षमा प्रार्थी हूं, किसी भी व्यवसाय में यदि किसी का भला हो रहा है, तो ये नहीं सोचना चाहिए कि हम उसके साथ क्यों जुड़ रहे हैं। हां यदि व्यवसाय है तो उसमें हमें भी अपने व्यवसाय के बारे में सोचना पड़ता है।' बिग बी ने आगे लिखा- 'अब आपको ये लग रहा है कि मुझे ये नहीं करना चाहिए था, लेकिन इसको करने से, हां मुझे भी धनराशि मिलती है, लेकिन हमारी इंडस्ट्री में जो बहुत से लोग काम कर रहे हैं, जो कि कर्मचारी हैं, उनको भी काम मिलता है और धन भी। मान्यवर टटपूंजिया शब्द आपके मुख से शोभा नहीं देता और न ही हमारे व्यवसाय के अन्य कलाकारों को शोभित करता है। आदर सहित नमस्कार।'बता दें, अमिताभ का विज्ञापन देख कई यूजर्स ने लिखा था, अमिताभ बच्चन आपसे ऐसी उम्मीद नहीं थी। सर आप करोड़ों लोगों के लिए एक आदर्श उदाहरण हैं, करोड़ों लोग आपसे प्रेरित होते हैं। लेकिन आप इस पान मसाले को बढ़ावा देकर समाज में गलत संदेश भेज रहे हैं। बता दें कि अमिताभ बच्चन इस समय टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' होस्ट कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉलीवुड में बिग बी की तरह ही कई सारे सितारे हैं, जो विज्ञापन कर मोटी कमाई करते हैं।

## दस टायरा ट्रक ने दो दर्जन से अधिक भेड़ों को कुचला

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर मीरांपुर चौकी के निकट देर रात एक दस टॉयरा ट्रक ने गरीब की दो दर्जन से अधिक भेड़ों को कुचल डाला। उक्त घटना से धनगर समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया है। देर शाम सूचना मिली कि नीरज धनगर पुत्र मन्नू धनगर अपनी दो दर्जन के लगभग भेड़ों को रास्ता पार करा रहा था, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक दस टॉयरा ट्रक ने भेड़ों पर अपना ट्रक चढ़ा दिया, जिससे मौके पर ही डेढ़ दर्जन से अधिक भेड़ों की मौत हो गयी। भेड़ों के मरने की सूचना जैसे ही क्षेत्र के लोगों को मिली तो मीरांपुर गांव के पूर्व प्रधान प्रीतम सिंह धनगर, शिव धनगर, सोनू धनगर मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। बताया जाता है कि राहगीरों की मदद से ट्रक चालक तो पकड़ा गया, मगर उसके विरूद्ध अभी कोई कठोर कार्यवाही नहीं हुई। समाचार लिखे जाने तक धनगर समाज के जिलाध्यक्ष विनोद धनगर ने पुलिस प्रशासन से दुर्घटना में मारी गयी भेड़ों के पालनकर्ता गरीब परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## बेहोश मिला अधेड़, मौत

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। रेलवे स्टेशन पर गुरूवार देर रात एक अधेड़ बेहोशी की हालत में मिला था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त भोपा रोड स्थित कॉलोनी निवासी सौदान के रूप में हुई। सूचना पाकर स्वजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया।

## पुलिस ने परिवार से मिलाई बिछड़ी बच्ची

*मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। कोतवाली नगर क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी से आयशा पुत्री अरशद उम्र करीब दस वर्ष घर से कहीं निकल गयी थी, जिसकी परिजनों द्वारा काफी तलाश की गयी। काफी तलाश करने पर भी वह नहीं मिली, तो स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। बच्ची के गुम होने पर एसएसपी अभिषेक यादव ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को सूचित कर तलाश करने के आदेश दिए। थाना प्रभारी भौराकलां विजेन्द्र सिंह रावत अपने क्षेत्र में टीम लगाकर बच्ची को शामली रोड़ से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना भौराकलां पुलिस की इस सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय लोगों व परिजनों ने थाना प्रभारी भौराकलां विजेन्द्र सिंह रावत व उनकी टीम का धन्यवाद दिया।*

## न्यू एसडी कॉलेज मार्किट में जोर-शोर से मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन







मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। न्यू एसडी कॉलेज मार्केट में देर शाम आतिशबाजियों के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुविचारों को आगे बढ़ाते हुए एसडी मार्किट एसोसिएशन ने प्रत्येक दुकान पर स्वच्छता अपनाने की दृष्टि से एक-एक डस्टबिन रखवाया, जिसके साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम की चर्चा भी की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में न्यू एसडी कॉलेज मार्केट में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व विधायक अशोक कंसल मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान आशुतोष की आरती की गयी एवं प्रधानमंत्री की दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। आरती से पहले एसोसिएशन के लोगों ने इकट्ठा होकर आतिशबाजी का कार्यक्रम भी किया। सूक्ष्म रूप से आतिशबाजी की गयी और प्रधानमंत्री के जन्मदिन की खुशियां मनाई गयी। इस अवसर पर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किये गए कई कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने विकास कार्यों को इतना महत्व दिया कि आज पूरे देश के हर वर्ग के व्यक्ति को स्वयं विकास होता दिखाई दे रहा है। इतना ही नहीं देश के मुख्य मुद्दों धारा-३७०, रामजन्मभूमि के मुद्दों को भी हल कराने में देश के प्रधानमंत्री का योगदान रहा। उन्होंने सरकार बनने से पहले जो भी वायदे आमजन से किए थे, वह उन्होंने पूरे किए। इसी क्रम में पूर्व विधायक अशोक कंसल व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घायु की कामना की और उनके द्वारा पूरे देश को दी गयी उपलब्धियों का गुणगान किया। इस अवसर पर न्यू एसडी कॉलेज मार्केट के अध्यक्ष अनिल नामदेव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय मदान, चेयरमैन योगेश सिंघल, उप चेयरमैन विजय तागरा, उपाध्यक्ष केवल कृष्ण अरोरा, प्रचार सचिव आकाश दीप शालू दुपट्टा, सलाहकार मनोहर लाल कक्कड़, केवल राम चुग्घ, अनिल गर्ग, अरविन्द जैन, विजय झाम्ब, गोपाल छाबड़ा, राकेश कंसल संरक्षक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म को लेकर हड़कम्प

कांधला, 17 सितम्बर ( बु. )। थाना क्षेत्र के गांव नाला में महिला ने दो युवकों पर तमंचे के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर अभियोग दर्ज कराया है। मामले में पुलिस जांच के दौरान महिला द्वारा दर्शायी गई घटना में झोल दिखाई दिया, जिसे लेकर पुलिस जांच में जुटी है। बीते गुरूवार की रात को गांव नाला निवासी महिला ने थाने पहुंचकर गांव के ही दो लोगों पर महिला के साथ जबरन घर में घुसकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता के साथ लेते हुए महिला को डॉक्टरी परीक्षण के लिये भेजकर अभियोग दर्ज कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी, तो पुलिस ने जांच में पाया कि पूर्व में आरोपी दोनों युवकों ने महिला के पति और दो अन्य लोगों पर पालतू कुत्ते की हत्या कर अभियोग दर्ज कराया था, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच रंजिश बन गई है। मामले में सीओ कैराना जितेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में महिला के पति व दो अन्य लोगों पर कुत्ते की हत्या अभियोग भी दर्ज है। उसी को लेकर महिला ने दुष्कर्म के मामले की तहरीर देकर अभियोग दर्ज कराया है। पुलिस मामले की निष्पक्षता जांच कर कार्रवाही करेगी।

## चीन में एक अरब से अधिक लोगों का टीकाकरण

बीजिंग 17 सितम्बर ( वार्ता ) चीन में कुल आबादी के करीब 72 प्रतिशत यानी एक अरब से अधिक लोगों को कोविड वैक्सीन के डोज दिये जा चुके हैं। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन के प्रवक्ता एमआई फेंग ने बताया कि देश की 1.4 अरब की आबादी में से करीब 72 प्रतिशत लोगों को टीकाकरण किया गया है। अब तक 2.1 अरब वैक्सीन के डोज लाभार्थियों को दिये जा चुके हैं तथा 1.01 अरब लोगों को पूरे डोज दिये गये हैं। श्री फेंग ने कहा कि देश में जब भी कोरोना संक्रमण के नये मामले सामने आते हैं , तो बड़े पैमाने पर परीक्षण और प्रतिबंध के ऐहतियातन उपायों के जरिए इस बीमारी को फैलने से रोकने का प्रयास किया जाता है। इसके साथ ही संक्रमितों को कम से कम दो सप्ताह के लिए होटल क्वारंटीन में रखा जाता है।





विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण टूल किट एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ऋण एवं प्रमाण पत्र वितरण करते मंत्री कपिलदेव अग्रवाल व बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक

## विश्वकर्मा दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत लाभार्थियों को टूलकिट एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ऋण वितरण समारोह का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बुस.)। आज विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण टूल किट एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लाभार्थियों के ऋण वितरण एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन जिला पंचायत सभागार कलेक्ट्रेट मुजफ्फरनगर में किया गया। विश्वकर्मा दिवस समारोह का सजीव प्रसारण मुख्यमंत्री उप्र० के द्वारा लोक भवन, लखनऊ में भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। शासन के निर्देशानुसार जनपद मुजफ्फरनगर में आयोजित समारोह के अन्तर्गत मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल, सदर विधायक एवं राज्य मंत्री, (कौशल विकास एवं व्यवसायिक सेवा) उ. प्र. सरकार, ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के परम्परागत दर्जी, बढ़ई, टोकरी बुनकर, सुनार, लुहार, कुम्हार, हलवाई, मोची, कारीगरों के आजीविका के साधनों का सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत बना रहा है। प्रदेश सरकार हुनर से रोजगार के अवसर पैदा कर रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के ५० लाभार्थियों को टूल किट तथा मुद्रा योजना के ०७ लाभार्थियें को ऋण स्वीकृति पत्र के साथ प्रमाण-पत्र भी वितरण किया गया। समारोह में उमेश मलिक विधायक बुढ़ाना, ने लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कारीगरों को टूलकिट मिलने पर उनके चेहरे के साथ-२ परिवार के चेहरे पर भी खुशियां आती हैं, क्योकि संसाधन से परिवार की आर्थिक समृद्धि बढ़ती है। कार्यक्रम में विक्रम सैनी, विधायक खतौली ने अपने सम्बोधन में कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी के इस दिवस पर यह आयोजन उन हुनरमन्द लोगों का सम्मान है, जो रात-दिन मेहनत कर के परम्परागत कला को बचाए हुए हैं। इस तरह की योजना का लाभ जनहित के लिए बहुत उपयोगी है। विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर समारोह की अध्यक्षता डीएम द्वारा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, कुशल मार्गदर्शन में आयोजन को सफल बनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियें का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन सहायक आयुक्त उद्योग डॉ. बनवारी लाल ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र के आशीष कुमार, नवीन चन्द्र पाल, राजकुमार, ब्रजभूषण एवं विजय कुमार आदि का सहयोग सराहनीय रहा एवं लाभार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि /उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## हादसे में घायल हुए युवक की मौत

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने मेरठ ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के पानीपत निवासी सतवीर, इन्दर, सुनील, अनूप व सुभाष हरिद्वार घूमने गए थे। बीती रात उक्त लोग वापस पानीपत लौट रहे थे। बताया गया कि जब वे लोग छपार क्षेत्र में बरला के निकट पहुंचे, तभी उनकी कार एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई थी। इस हादसे में उक्त पांचो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिला अस्पताल से घायलों को मेरठ के लिये रेफर कर दिया गया। मेरठ ले जाते समय सतवीर की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया है।

## शुक्रवार को 35,162 लोगों ने कराया कोविड वैक्सीनेशन

### ❑जनपद में आज नहीं मिला कोरोना पॉजिटिव

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। जनपद में कोरोना की चेन को रोकने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी प्रयासों के बीच शुक्रवार को १५४ केन्द्रों के १६४ बूथों पर ३५१६२ लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया गया। शुक्रवार को इस बीच स्वास्थ्य विभाग को मिली आरटीपीसीआर की १२०३ जांचों में कोई भी कोरोना पॉजिटिव केस न आने से राहत की सांस ली। उधर शनिवार को जनपद में ४१ केन्द्रों पर स्वास्थ्य विभाग लोगों को कोरोना का टीका लगाएगा। सीएमओ डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में वर्तमान में कोरोना का एक एक्टिव मरीज है। शुक्रवार को आरटीपीसीआर की जांच के दौरान १२०२ लोगों की जांच प्राप्त हुई, जिसमें कोई भी केस कोरोना पॉजिटिव नहीं आया। उन्होंने बताया कि जनपद में शुक्रवार को ३५१६२ लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया, जिनमें से २३३८२ लोगों को प्रथम तथा ११७८० लोगों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गयी। उन्होंने बताया कि शनिवार को ४१ केन्द्रों पर जनपद के नागरिक अपना कोविड टीकाकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक पहली और दूसरी लहर के बीच ३०६४६ लोगों को कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई, जिनमें से स्वास्थ्य विभाग ने ३०३७६ लोगों को स्वस्थ होने पर घर भेजा। जनपद में दोनों कोरोना लहरों के बीच २६६ लोगों की संक्रमण से मौत हुई।

## अवैध शस्त्र रखने के आरोप में जेल भेजा

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध शस्त्र रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।



कलेक्ट्रेट ज्ञापन देने पहुंचे जिला पंचायत में अध्यक्ष के विपक्षी खेमे के सदस्य

## पुलिस पर हमला करने वाले तान्त्रिक को पीसीआर पर लेकर बरामद की लोहे की रॉड

### ❑❑तांत्रिक पुलिस को चकमा देकर हो गया था कोर्ट में पेश ❑❑

चरथावल, १७ सितंबर (बु.)। करीब तीन सप्ताह पूर्व पुलिस पार्टी पर लोहे की रॉड से हमला करने वाले तांत्रिक को पुलिस द्वारा जिला कारागार मुजफ्फरनगर से पीसीआर पर लाकर पुलिस पार्टी पर किए गए हमले में प्रयुक्त लोहे की रॉड को आरोपी की निशानदेही पर बरामद किया गया। लोहे की रॉड बरामद करने के बाद पुलिस ने आरोपी को पुनः जिला कारागार भेज दिया। चरथावल थानाक्षेत्र के गांव नंगला राई में करीब तीन सप्ताह पूर्व एक तांत्रिक को पूछताछ हेतु हिंडन चौकी के पुलिसकर्मी बुलाने गए थे। उसी दौरान तांत्रिक ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया था, जिसमें एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब आठ दिन पूर्व आरोपी पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में पेश हो गया था। शुक्रवार को चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में हिंडन चौकी इंचार्ज जयप्रकाश भास्कर ने जिला कारागार मुजफ्फरनगर से पीसीआर पर लाकर पुलिस पार्टी पर गए हमले में प्रयुक्त लोहे की रॉड को आरोपी आरिफ की निशानदेही पर बरामद किया गया। लोहे की रॉड बरामद करने के बाद पुलिस ने आरोपी को जिला कारागार भेज दिया।



## मंदिर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

चरथावल, १७ सितंबर (बु.)। थानाक्षेत्र के गांव दहचन्द स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने २४ घंटे में खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोर के पास से दानपात्र से चोरी किए गए १६२६ रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए चोर का चालान कर जेल भेज दिया है। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दहचन्द स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में २४ घंटे पूर्व अज्ञात चोरों ने मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर ६५०० रुपये की नकदी चोरी कर ली थी। मंदिर के पुजारी पंडित हरिओम शर्मा ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा पुलिस चौकी इंचार्ज ओमेंद्र सिंह ने मात्र २४ घण्टे में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी सोनू उर्फ हनुमान निवासी ग्राम दहचन्द थाना चरथावल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरो के पास से दानपात्र से चोरी किए गए १६२६ रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए चोर का चालान कर जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि महादेव मंदिर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## जिला पंचायत के विपक्षी सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर ( बु. )। जिला पंचायत में अध्यक्ष के विपक्षी खेमे के आधा दर्जन जिला पंचायत सदस्यों ने डीएम व सीडीओ से मुलाकात करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल पर सदस्यों में भेदभाव करने के गंभीर आरोप लगाए। जिला पंचायत सदस्यों ने दोनों आला अधिकारियों से जिला पंचायत की विभिन्न मांगों को लेकर पत्र सौंपते हुए जिला पंचायत की व्यवस्थाओं को भी दुरूस्त किए जाने की मांग की।

बीते दिनों मुजफ्फरनगर में हुए जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में डॉ. वीरपाल निर्वाल से बुरी तरह से हारे विपक्षी दलों के सदस्यों के खेमे के अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सत्येन्द्र बालियान ने कई सदस्यों के साथ डीएम और सीडीओ से मुलाकात की। शुक्रवार को अधिकारियों से कलेक्ट्रेट स्थित डीएम दफ्तर पर उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल पर विपक्षी जिला पंचायत सदस्यों के साथ पक्षपात पूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष अपने खेमे के जिला पंचायत सदस्यों को जिला पंचायत के कार्य दे रहे हैं। वहीं विपक्षी दलों को इस बीच किसी कार्य के प्रति पूछ भी नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष को सभी जिला पंचायत सदस्यों को एक साथ लेकर ही चलना चाहिए। किसी के भी साथ पक्षपात नहीं करना चाहिए। जिला पंचायत सदस्यों के वार्डो में विकास कार्य होने चाहिए। उन्होंने इस संबंध में डीएम चन्द्र भूषण सिंह, सीडीओ आलोक यादव को जानकारी दी है। दोनों अधिकारियों ने विपक्षी खेमे के जिला पंचायत सदस्यों को आश्वासन दिया कि सभी के वार्डो में विकास कार्य होंगे। जिला पंचायत में किसी भी जिला पंचायत के सदस्य के साथ कोई पक्षपात नहीं होने दिया जाएगा। हालांकि जिला पंचायत में बोर्ड का निर्णय सर्वोपरि माना जाता है और इसमें अधिकारियों का हस्तक्षेप नाम का ही होता है।

## सिद्धबलि पेपर मिल में विश्वकर्मा जयंती पर हवन व यज्ञ का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १७ सितम्बर (बु.)। उद्योगपति भीम कंसल ने फैक्ट्री कर्मियों सहित विश्वकर्मा जयंती पर हवन एवं पूजन का आयोजन किया। इस अवसर पर पूरे विधिविधान के साथ पेपर मिल की सभी मशीनों की पूजा अर्चना की गयी एवं पेपर मिल कर्मियों को पूजा-अर्चना के उपरान्त प्रसाद का वितरण किया गया। ज्ञात रहे कि विश्वकर्मा जयंती पर प्रत्येक छोटे-बड़े व्यापारी एवं मशीन चालक कर्मियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की जाती है। इसी के चलते आज सिद्धबलि पेपर मिल में भी विश्वकर्मा जयंती पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान विश्वकर्मा के समक्ष अपने औजार हथौड़ा, छीनी, चाबी आदि रखकर पूजा की गयी।

